Roll No. ____________________

Serial Number

0945957

Total No. of Questions : 28

Total No. of Printed Pages : 8

# X-901

High School, Examination (Regular) - 2019

## हिन्दी (विशिष्ट) / HINDI (Special)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

mpcareer.in

निर्देश :

(1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए ।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिये एक–एक अंक (1×5×5=25) निर्धारित है ।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(4) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है ।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है ।

(6) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित हैं । शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है ।

(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) दस अंक निर्धारित हैं । "अ" के लिए 7 अंक तथा "ब" के लिए 3 अंक । शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है ।

(8) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

1 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1×5=5

(i) सूरदास भक्त हैं –

(क) कृष्ण के (ख) राम के

(ग) शिव के (घ) ब्रह्म के

(ii) बूढ़े किसान ने राष्ट्रपति को उपहार में भेंट किया –

(क) फल (ख) मिठाई

(ग) रुपया (घ) शहद

(iii) भगिनी निवेदिता पर लिखे गये 'संस्मरण' के लेखक हैं –

(क) डा. श्याम सुन्दर दुबे (ख) अजहर हाशमी

(ग) डा. यतीन्द्र अग्रवाल (घ) प्रवाजिका आत्मप्राणा

(iv) जो दूसरों का उपकार मानता हो, के लिए एक शब्द है –

(क) कृतघ्न (ख) उदार

(ग) निष्ठुर (घ) कृतज्ञ

(v) शृंगार रस का स्थायी भाव है –

(क) रौद्र (ख) रति

(ग) निर्वेद (घ) अद्भूत

2 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए – 1×5=5

(i) लोक संस्कृति का जन्म ________ में हुआ । (नगरों में / गाँवों में)

(ii) विरह और वेदना की कवयित्री ________ है । (महादेवी वर्मा / सुभद्रा कुमारी चौहान)

(iii) नकुल की माता का नाम ________ था ।
(कुंती / माद्री)

(iv) चौपाई छंद में ________ मात्रायें होती है । (सोलह / चौबीस)

(v) द्विगु समास का उदाहरण ________ है । (नीलकण्ठ / पंचवटी)



mpcareer.in

3 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य / असत्य लिखिए – 1×5=5

(i) सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट हैं।

(ii) गाँवों के आदमी निरक्षर भले ही हों सुसंस्कृत होते हैं।

(iii) नर्मदा का उद्‌गम स्थल नासिक है।

(iv) रात–दिन द्विगु समास का उदाहरण है।

(v) खण्ड काव्य मुक्तक काव्य का एक भेद है।

4 निम्नलिखित वाक्यांशों का मिलान कर सही जोड़ी बनाइये – 1×5=5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) पथ की पहचान | (क) सोलह कलाओं के अवतार |
| (ii) श्रीकृष्ण | (ख) विच्छेद |
| (iii) नर्मदा | (ग) अमरकंटक |
| (iv) संधि को तोड़ना | (घ) 33 |
| (v) संचारी भावों की संख्या | (ङ) हरिवंशराय बच्चन |

http://www.mpboardonline.com

5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए – 1×5=5

(i) साधु से क्या नहीं पूछना चाहिये?

(ii) शिवाजी के पुत्र का नाम क्या था?

(iii) भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था?

(iv) जिसके समान दूसरा ना हो।

(v) जहाँ नायक नायिका के विरह का वर्णन हो वहाँ कौन–सा रस होगा?

6 अवगुणों पर ध्यान ना देने के लिये सूरदास जी किससे प्रार्थना करते है? 2

अथवा

श्रद्धा का गायन स्वर किस प्रकार का है?



mpcareer.in

7 भ्रामरी किसका अभिनंदन करती है? 2

अथवा

कवि ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते देखा?

8 कवि पद्माकर के अनुसार वनों बागों में किसका विस्तार है? 2

अथवा

तुलसीदास जी के मन मंदिर में सदैव कौन विहार करता है?

9 मोम के बंधन सजीले से कवयित्री का क्या आशय है? 2

अथवा

बिना विचारे काम करने से क्या हानि होती है?

10 कल्याण की राह कविता में कवि किसके साथ चलने की बात कह रहे हैं? 2

अथवा

कबीर ईश्वर से क्या माँगते हैं?

11 हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम एवं उसके कहानीकार का नाम लिखिए। 2

अथवा

हिन्दी की प्रथम एकांकी का नाम एवं उसके एकांकीकार का नाम लिखिए।

12 तेजस्वी पुरुष लाला लाजपतराय के चरित्र की दो विशेषतायें लिखिए। 2

अथवा

आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध क्यों करती है?



mpcareer.in

13 असत्य किन परिस्थितियों में सत्य से बड़ा हो जाता है? 2

अथवा

पंचभूत और पंचगव्य में क्या अंतर है?

14 सुश्रुत संहिता में शल्य चिकित्सा की कौन–कौन सी विधियों का वर्णन किया गया है? 2

अथवा

यक्ष के संसार में सबसे बड़े आश्चर्य संबंधी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया?

15 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए – 2

(i) तुम्हें अपना कार्य करना चाहिये। (आज्ञावाचक)

(ii) सीता गाना गाती है । (आश्चर्यबोधक)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

(i) सेठ ज्वाला प्रसाद अच्छा महाजन थे।

(ii) सोनू को फेल होने की आशा है।

16 खण्डकाव्य की परिभाषा लिखिए एवं किसी एक खण्डकाव्य का नाम लिखिए। 2

अथवा

महाकाव्य की परिभाषा लिखिए एवं किसी एक महाकाव्य का नाम लिखिये।

17 वनवास की कठिनाइयों के बीच अर्जुन, भीम और युधिष्ठिर ने क्या क्या प्राप्त किया? 3

अथवा

कवि माखनलाल चतुर्वेदी स्वतंत्रता के दीपक को स्थायी रखने के लिये क्या चाहते है?



mpcareer.in

18 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 3

(i) आँख लगना

(ii) नौ दो ग्यारह होना

(iii) अक्ल का दुश्मन

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखिए :

(i) जिसका कोई आकार ना हो।

(ii) दोपहर के पहले का समय।

(iii) जानने की इच्छा।

19 छंद किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार के होते हैं? 3

अथवा

स्थायी भाव और संचारी भाव में अंतर बताइए।

20 प्रगतिवादी काव्य की दो विशेषतायें लिखिए, दो प्रगतिवादी कवियों के नाम तथा उनकी एक–एक रचना लिखिए। 4

अथवा

प्रयोगवादी काव्य की दो विशेषतायें लिखिए, दो प्रयोगवादी कवि एवं उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए। http://www.mpboardonline.com

21 रेखाचित्र किसे कहते हैं? दो रेखाचित्रकारों के नाम तथा उनकी एक–एक कृति का नाम लिखिये। 4

अथवा

जीवनी और आत्मकथा में अंतर लिखिए। (कोई तीन)

22 जयशंकर प्रसाद अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान



mpcareer.in

23 वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा रामवृक्ष बैनीपुरी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 1+2+1=4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

24 निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए : 1+1+2=4

फिरि–फिरि चित उत हीं रहतु टूटी लाज की लाव।
अंग–अंग छवि झौंर में भयो भौंर की नाव॥

**अथवा**

भर रही कोकिला इधर तान,
मारु बाजे पर उधर गान,
है रंग और रण का विधान,
मिलने आये हैं आदि अंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?

25 निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ प्रसंग सहित लिखिए : 1+1+2=4

मैंने जो कुछ जीवन में अध्ययन और अनुभव से सीखा है, वह यही कि महत्व किसी कार्य की विशालता में नहीं है, उस कार्य को करने की भावना में है, बड़े से बड़ा कार्य हीन है यदि उसके पीछे अच्छी भावना नहीं है और छोटे से छोटा कार्य भी महान है यदि उसके पीछे अच्छी भावना है।

**अथवा**

शास्त्रों में सत्य असत्य की व्याख्या बड़ी बारीकी से की गयी है। अनेक बार सत्य के स्थान पर मिथ्या भाषण सत्य से भी बड़ी वस्तु होती है। जीवन में धर्म से बड़ी कोई चीज नहीं है। धर्म की रक्षा यदि असत्य से होती है तो असत्य सत्य से बड़ा हो जाता है।

26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 5

स्वार्थ और परमार्थ मानव की प्रवृतियाँ हैं । हम अधिकतर सभी कार्य अपने लिये करते हैं, 'पर' के लिये सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है यही पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते हैं। प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है। नदी दूसरों के लिये बहती है। वृक्ष मनुष्यों को छाया तथा फल देने के लिए ही धूप आँधी वर्षा और तूफानों में अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं।

प्रश्न :

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) सच्ची मानवता क्या है?

(iii) वृक्ष हमें परोपकार का संदेश कैसे देते हैं?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

27 परीक्षा काल में ध्वनि–विस्तारक यन्त्रों के बजाने पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिए। 2+2+1=5

अथवा

अपने बड़े भाई की शादी में अपने मित्र को आमंत्रित करने के लिये पत्र लिखिए।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए : 7

(200 से 250 शब्दों में)

(i) साहित्य और समाज।

(ii) आधुनिक भारत में नारी।

(iii) जल ही जीवन है।

(iv) विज्ञान के बढ़ते चरण।

(v) वन संरक्षण।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए : 3

(i) बेटी बचाओ

(ii) आतंकवाद

(iii) पुस्तकालय

(iv) राष्ट्रीय पर्व

(v) दहेज प्रथा।



mpcareer.in